“ सुविचार
किसी से भी झूठ बोले लेकिन, स्वयं से कभी भी झूठ ना बोले ! ”

दैनिक
# बिहार पत्रिका
सच के साथ

पटना से प्रकाशित
अंक: 260
वर्ष : 06
मूल्य : 02
पृष्ठ : 06

शुक्रवार, 21 मार्च 2025 | दैनिक हिन्दी डिजिटल अखबार | web_dainikbiharpatrika.com

## संक्षिप्त खबर

### छत्तीसगढ़ में दो मुठभेड़ों में 30 माओवादी ढेर,एक जवान शहीद



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच हुई दो अलग-अलग मुठभेड़ों में कुल 30 माओवादी मारे गए हैं। सुरक्षा बलों ने सभी माओवादियों के शव बरामद कर लिए हैं। घटनास्थल से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। इस अभियान में सुरक्षा बल के एक जवान ने भी अपनी शहादत दी है। सुरक्षाबलों का यह ऑपरेशन माओवाद प्रभावित इलाकों में नक्सल गतिविधियों को कमजोर करने की दिशा में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है और सुरक्षाबल हाई अलर्ट पर हैं।

### अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने अपनी ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखा है। मौजूदा दरें 4.25% से 4.50% की सीमा में स्थिर बनी रहेंगी। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने संकेत दिया है कि इस वर्ष के अंत तक दो बार ब्याज दरों में कटौती की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह फैसला मुद्रास्फीति और आर्थिक स्थिरता को संतुलित करने के उद्देश्य से लिया गया है। आगामी नीति समीक्षा में फेडरल रिजर्व के रुख पर निवेशकों की नजर बनी रहेगी।

### पांच सूत्री मांग को लेकर सेविका तथा सहायिका ने किया धरना-प्रदर्शन



**कुरसेला (कटिहार)।** कुरसेला प्रखंड बाल विकास कार्यालय मे पांच सूत्री मांगों को लेकर सेविका एवं सहायिका का धरना प्रदर्शन प्रखंड अध्यक्ष सुल्ताना परवीन की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रखंड क्षेत्र की सभी सेविका सहायिका उपस्थित हुई। जिसमे मुख्य मांग है :गुजरात हाई कोर्ट के निर्णय के आलोक में सेविका-सहायिका का सरकारीकरण किया जाय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार ग्रेच्युटी लागू हो। एफआरएस के तहत टीएचआर कराने के आदेश को निरस्त किया जाए। पोषण ट्रैकर पर काम करने के लिए नई 5G मोबाइल फोन मिले एवं रिचार्ज हेतु 5000 सालाना दिया जाए। पोषाहार राशि में वृद्धि किया जाए एवं पोषाहार सामग्री बाजार रेट से दिया जाए। इस अवसर पर संगीता देवी , अंजू कुमारी , अनुराधा देवी , काजल कुमारी , रेखा कुमारी , कंचन कुमारी , रेणु कुमारी आदि सेविका तथा सहायिका उपस्थित थी।

### DM ने किया बैंकिंग समितियों की बैठक

**समस्तीपुर।** जिलाधिकारी समस्तीपुर श्री रोशन कुशवाहा द्वारा समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बैंकिंग समिति की बैठक की गई। बैठक में प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना (PMFME )से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई तथा उपस्थित अग्रणी जिला अग्रणी प्रबंधक एवं अन्य प्रमुख बैंकों के प्रतिनिधियों को इससे संबंधित मामलों का निर्धारित समय अवधि में निष्पादन करने हेतु निर्देश दिया गया । मौके पर उद्योग महाप्रबंधक श्री विवेक कुमार जिला अग्णी प्रबंधक श्री सोनू कुमार सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### दुनिया की चौथी सबसे बड़ी एयरलाइन बनी इंडिगो!

**बिहार पत्रिका।नई दिल्ली**

भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने एक नया मुकाम हासिल कर लिया है। मार्केट कैप के हिसाब से अब यह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी एयरलाइन बन गई है।

**टॉप 4 एयरलाइंस की लिस्ट:**

1. **Delta Air – 2.56 लाख करोड़ रुपये**
2. **Ryanair – 2.16 लाख करोड़ रुपये**
3. **United Airlines – 2.01 लाख करोड़ रुपये**
4. **IndiGo – 1.97 लाख करोड़ रुपये**

**डेल्टा, रायनएयर और यूनाइटेड एयर के बाद इंडिगो ने यह स्थान हासिल किया है, जो भारत के एविएशन सेक्टर के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।**

**इंडिगो की इस सफलता से भारत का वैश्विक एयरलाइन बाजार में दबदबा और मजबूत हुआ है।**

# जब से हमारी सरकार आई, तभी से प्रदेश में है कानून का राज :नीतीश

## 16वें वित्त आयोग की बैठक में शामिल हुये मुख्यमंत्री

**बिहार पत्रिका।पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को आयोजित 16वें वित्त आयोग की बैठक में शाामिल हुये। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवम्बर, 2005 से जब से हम लोग सरकार में आये, तभी से राज्य में कानून का राज है। हम लोग राज्य के विकास के लिये लगातार काम कर रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006-7 में लड़के लड़कियों के लिए पोशाक योजना शुरू की गयी। वर्ष 2008 में नौंवी क्लास की लड़कियों के लिए साईकिल योजना चलाई गयी। फिर वर्ष 2010 से लडकों के लिए भी साईकिल योजना शुरू की गयी। बडी संख्या में सरकारी शिक्षकों की बहाली की गयी है।



उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में भी काफी सुधार किया गया। पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इलाज के लिए प्रति माह 39 मरीज की आते थे, यानि प्रतिदिन 1 या 2 मरीज ही आते थे। वर्ष 2006 से अस्पतालों में मुफ्त दवा एवं इलाज की पूरी व्यवस्था की गयी है। अब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में हर महीने 11 हजार से अधिक मरीज आते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में सड़कों, पुल-पुलियों तथा एलिवेटेड रोड का निर्माण कराया गया है। साथ ही हर घर बिजली सुनिश्चित की गयी है। स्थानीय निकायों के सशक्तीकरण के लिए कई कार्य किये गये हैं। वर्ष 2006 में पंचायती राज संस्थाओं एवं वर्ष 2007 में नगर निकायों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण से शुरूआत की गयी। पंचायतों में पंचायत सरकार भवन बनाने का काम किया गया है। पहले बिहार में स्वयं सहायता समूह की संख्या बहुत कम थी।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 में राज्य का बजट मात्र 30 हजार करोड़ रुपये था। उसके बाद हर वर्ष सरकार के द्वारा काफी काम किया गया है, जिससे बजट का आकार लगातार बढ़ा है। इस वर्ष राज्य का बजट बढ़कर 3 लाख 17 हजार करोड़ रुपये हो गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी बातों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा अपनी जरूरतों के संबंध में एक मेमोरेण्डम भी तैयार किया गया है, जिसका प्रस्तुतीकरण आज आयोग के समक्ष किया जायेगा। मुझे विश्वास है कि आयोग के द्वारा इन सभी बिंदुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया सहित अन्य सदस्यों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में 18वें वित्त आयोग द्वारा तैयार मेमोरेंडम का मुख्यमंत्री ने अनावरण किया। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री सम्म्राट चौधरी, 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया एवं मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने भी संबोधित किया।

# फायरिंग में केंद्रीय मंत्री राय के भांजे की हत्या, दूसरा घायल

## बीच-बचाव के लिए आई मां के हाथ में भी लगी गोली

- पानी को लेकर हुए विवाद में दोनों भाइयों के बीच हो गई थी फायरिंग




**बिहार पत्रिका.पटना।** बिहार में भागलपुर जिले के नवगछिया क्षेत्र में बड़ी घटना हो गई।पानी लेकर दो सगे भाइयों के बीच हुए मामूली विवाद में फायरिंग हुई, जिसमें एक भाई की मौत हो गई, जबकि दूसरा भाई व मां गंभीर रूप से घायल हैं।मृतक केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय के भांजा था।पुलिस के मुताबिक भागलपुर के गांव जगतपुर निवासी जयजीत यादव और विकल यादव के बीच पिछले दिनों से विवाद चल रहा था। इसी को लेकर गुरुवार को दोनों के बीच विवाद काफी बढ़ गया। इस दौरान एक भाई ने दूसरे भाई पर फायरिंग कर दी। गोली लगने के बाद घायल भाई ने हथियार छीन कर हमलावर भाई को भी गोली मार दी। दोनों भाइयों के बीच हुई इस हिंसक झड़प में बीच-बचाव करने आयी उनकी मां के हाथ में भी गोली लगी है। घायल भाईयों को तत्काल भागलपुर के एक निजी अस्पताल में लाया गया। चिकित्सक ने एक भाई विश्वजीत यादव उर्फ विकल यादव को मृत घोषित कर दिया, जबकि बड़े भाई जयजीत की हालत नाजुक बताई गई है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है, जिससे इस घटना के सही कारणों का पता लगाया जा सके।

परवत्ता थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि दोनों भाईयों के बीच पानी को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान एक दूसरे पर दोनों भाइयों ने फायरिंग की, जिसमें एक भाई की मौत हो गयी, जबकि दूसरे भाई और मां का इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही जिले के तमाम आला अधिकारीऔर राजनीतिक दलों से जुड़े लोग अस्पताल पहुंच गए। दोनों भाई रिश्ते में केंद्रीय गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय के भांजे बताये जा रहे हैं।

# बिहारी पॉवर ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ अरविन्द वर्मा ने गौरैया संरक्षण हेतु मां दुर्गा के समक्ष मांगा आशीर्वाद

**बिहार पत्रिका।खगड़िया**

विश्व गौरैया दिवस पर बिहारी पॉवर ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ अरविन्द वर्मा ने समाहरणालय भवन के सामने अवस्थित श्री श्री 108 मां दुर्गा अष्टादश भुजेश्वरी सिद्धपीठ दर्शन मंदिर में बिहार सरकार द्वारा घोषित राजकीय पक्षी गोरैया चिड़ियां की संरक्षण हेतु मां का दर्शन किया और आशीर्वाद मांगा। मौके पर पहुंचे मीडिया से डॉ वर्मा ने कहा गौरैया के संरक्षण हेतु बिहार सरकार ने वर्ष



2013 में गौरैया को राजकीय पक्षी घोषित किया था। इससे जुड़े लोग कृत्रिम घर बनाकर गौरैया को प्रजनन के लिए आवास देने की पहल होनी चाहिए। आगे डॉ वर्मा ने कहा गौरैया लोगों के जीवन से इतनी गहराई से जुड़ी हैं कि बिन खिलाए भी अपने घर के आस पास पाया जा सकता है। इसके लिए अपने अपने छत पर दाना और पानी की व्यवस्था करें। गौरैया को बाजरा, मक्का और सूरजमुखी के बीज काफ़ी पसंद है। घर में चिड़ियां का चहचहाना बहू ही शुभ संकेत होता है। घर में घोंसला बना लिया तो उस व्यक्ति के घर में अपार खुशियां मिलने वाली है।

# बिहार दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आर.एम.के. मैदान का किया गया निरीक्षण

**कुमार चंदन।बिहार पत्रिका**

**बांका।** जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर बिहार दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आर.एम.के. मैदान का निरीक्षण उप विकास आयुक्त, बांका द्वारा किया गया। इस दौरान नजारत उप समाहर्ता, बांका, सहायक कोषागार पदाधिकारी, बांका, जिला योजना पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान बिहार दिवस के तैयारियों का जायजा लिया



गया। साथ ही, समारोह स्थल की साफ-सफाई को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, बांका को आवश्यक निर्देश दिए गए। बिहार स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल



एवं प्रदर्शनी RMK मैदान में लगाई जाएगी।इसके अलावा पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कार्यपालक अभियंता,लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग व नगरपरिषद को निर्देशित किया गया है।

# प्रखंड क्षेत्र में आसमान में घने बादल किसानों को बारिश की जगी उम्मीद

**बिहार पत्रिका।बौंसी**

**बांका।** मौसम में इन दिनों पल-पल बदलाव हो रहा है। धूप और बादलों की लुकाछिपी जारी है। गुरुवार को आसमान में घने बादल देखकर किसानों में बारिश की उम्मीद जगी है, जो उनकी फसलों के लिए बहुत जरूरी है बारिश से खेतों की सिंचाई होती है और फसलें अच्छी तरह से बढ़ती हैं। प्रखंड क्षेत्र में आसमान में घने बादल छाए हुए हैं, जिससे किसानों को बारिश की उम्मीद है। बारिश को लेकर आम लोग ही नहीं क्षेत्र के किसान भी परेशान हो रहे हैं।

मंगलवार को दिनभर आसमान में घने बादल छाए रहे। दोपहर 3 बजे एक-दो मिनट तक हल्की फुंहारे भी चली। जिससे लोगों को उम्मीद बंधी थी कि झमाझम बारिश हो जाएगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। वहीं किसान भी बारिश न होने से खासे परेशान दिखाई दे रहे हैं। खेतों में सिंचाई के लिए उन्हें अभी बादलों से ही आस है। किसान बारिश होने की उम्मीद लगा रहे हैं। मौसमी बीमारियां भी तेजी से बढ़ना शुरू हो गई हैं। मंगलवार की रात से मौसम बदलना शुरू हो गया था। रात 10 बजे बादलों की गड़गड़ाहट शुरू हो गई, लेकिन बात बूंदाबांदी तक ही सिमट गई। गुरुवार की सुबह से छाए बादलों को देखकर लोग अच्छी बारिश की उम्मीद लगा रहे थे, लेकिन बारिश नहीं हुई। मौसम में हुए बदलाव की वजह से इन दिनों लोगों को गर्मी से राहत मिल गई है। किसानों के चेहरे भी खिले हुए हैं। किसानों का कहना है कि एक-दो दिन के भीतर अगर अच्छी बारिश हो जाए, तो फसल के लिए भी फायदेमंद साबित होगी।

# कार्रवाई: खेसर बाजार से अतिक्रमण हटाने के लिए चला प्रशासन का बुलडोजर

**कुमार चंदन। बिहार पत्रिका**

**बांका।** बुधवार को खेसर थाना क्षेत्र अंतर्गत घियाही गांव में सरकारी जमीन को कब्जाने का हाय वोल्टेज ड्रामा प्रशासन के बुलडोजर चलने के साथ समाप्त हो गया। सरकारी जमीन पर दी गयी दीवारें तोड़ कर प्रशासन ने जमीन को अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया । उक्त कार्रवाई का नेतृत्व खुद एस डी एम अविनाश कुमार कर रहे थे ।उनके साथ बेलहर डीएसपी राजकिशोर समेत बेलहर थानाध्यक्ष ,फुल्लीडुमर थानाध्यक्ष बबलू कुमार एवं खेसर थानाध्यक्ष बलवीर विलक्षण पर्याप्त पुलिस बल के साथ मौजूद थे । अंचलाधिकारी मनोज



कुमार,सी आई अमित कुमार बुलडोजर चालक का मार्गदर्शन कर रहे थे । जानकारी के अनुसार सरकारी जमीन पर बनी झोपड़ी,बाथरूम समेत अन्य बने स्ट्रक्चर को ध्वस्त कर दिया गया ।।बता दें उक्त गांव में कैलाश यादव एवं अन्य के द्वारा घर के पास की सरकारी जमीन को जबरन दीवार देकर अपने कब्जे में लेने का प्रयास कर रहा था ।जिसकी शिकायत वरीय पदाधिकारियों से की गई थी । जिनके निर्देश के आलोक में अंचल कार्यालय सक्रिय हुआ। उक्त निर्देश के आलोक में अंचलाधिकारी ने अतिक्रमणकारियों को जमीन मुक्त करने का निर्देश दिया ।लेकिन दबंग अतिक्रमणकारियों पर इसका कोई असर नहीं हुआ उल्टे निरीक्षण में गए अंचलाधिकारी के वाहन को ईंट पत्थर से हमला कर वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया था। अंचलाधिकारी एवं अन्य किसी तरह जान बचा कर भागने पर विवश हो गए थे।

# जटियाही गांव में किसान की गला रेतकर हत्या

- ट्रैक्टर ट्रॉली में मिला शव,जांच में जुटी पुलिस

**बिहार पत्रिका,पूर्वी चंपारण।** जिले के रक्सौल थाना क्षेत्र के जटियाही गांव में खेत में पानी पटाने गये एक किसान की गला रेत कर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक जटियाही गांव निवासी 50 वर्षीय रमेश सिंह के बताये गये है। हत्यारों ने हत्या के बाद उनके शव को उनके ही खेत में उनके ट्रैक्टर ट्रॉली में रख कर फरार हो गए। गुरुवार की सुबह घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणो की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। स्थानीय लोगो के अनुसार मृतक रमेश सिंह बीते तीन दिनों से अपने गांव के पास नहर से कुछ दूरी पर स्थित गन्ने



के खेत में पानी पटाने जा रहे थे। हर बार की तरह इस बार भी वे अपने ट्रैक्टर के साथ खेत में गए थे। बीती रात उनके साथ उनका सहायक अजय भी था। बताया जा रहा है कि रमेश सिंह ने अजय को देर रात घर भेज दिया और खुद खेत में रुक गए। सुबह जब अजय खेत पर वापस आया तो उसने रमेश सिंह का शव ट्रैक्टर ट्रॉली में पड़ा पाया। गला रेतकर हत्या की गई थी। उसने तुरंत गांववालों और परिजनों को सूचना दी। खबर फैलते ही गांव में सनसनी फैल गई। परिजन ने शव को घर लाकर पुलिस को सूचना दी। मृतक रमेश सिंह गैस एजेंसी संचालक जयनारायण सिंह के पट्टीदार थे और उनका स्वभाव शांत एवं साधु जैसा था। ऐसे में उनकी हत्या क्यों और किसने की, यह बड़ा सवाल बना हुआ है। एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार और थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी है। हत्या के बाद मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है। उनकी पत्नी और दो बेटों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक की लहर है। पुलिस इस जघन्य हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए हर पहलू से जांच कर रही है।

# लालकृष्ण आडवाणी से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की मुलाकात



- आडवाणी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग और समर्पण की एक अनुपम मिसाल: रेखा गुप्ता

**बिहार पत्रिका।नई दिल्ली**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को पूर्व उपप्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठतम नेता लालकृष्ण आडवाणी से उनके आवास पर मुलाकात कर उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लालकृष्ण आडवाणी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग और समर्पण की एक अनुपम मिसाल है, जो हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी दूरदृष्टि, नीतिगत दृढ़ता और राष्ट्र निर्माण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हमें निरंतर जनसेवा और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने ईश्वर से आडवाणी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की प्रार्थना करते हुए कहा कि आपका आशीर्वाद और मार्गदर्शन हमें सदा प्राप्त होता रहे।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली में भाजपा की सरकार आने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता लगातार केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करके विकसित दिल्ली को लेकर चर्चा कर रही है। इसके अलावा दिल्ली बजट को लेकर मुख्यमंत्री महिलाओं, शिक्षाविदों और व्यापारियों से संवाद करके उसके सुझाव ले रही है। दिल्ली सरकार का बजट सत्र 24 से 28 मार्च तक चलेगा। दिल्ली सरकार 25 मार्च को अपना बजट पेश करेगी।

# तीन दिवसीय अष्टयाम महायज्ञ की शुरुआत, निकाला गया भव्य कलश शोभा यात्रा

**बिहार पत्रिका।समस्तीपुर**

मोहनपुर प्रखंड के श्री निरंजन स्वामी मंदिर परिसर में गुरुवार से तीन दिवसीय अष्टयाम महायज्ञ की शुरुआत हुई। इसको लेकर इलाके की 1101 कन्याओं ने कलश शोभा यात्रा निकाली। कलश शोभा यात्रा जलालपुर से गंगा नदी के पत्थर घाट तक करीब 8 किमी लंबी हुई। चिलचिलाती धूप के बावजूद लोगों का जन सैलाब उमड़ पड़ा।कुंवारी कन्याएं श्री निरंजन स्वामी मंदिर परिसर से सिर पर कलश लेकर जयघोष करती हुई निकली। इस दौरान गाजे-बाजे के साथ बड़ी संख्या में घोड़े को भी शोभायात्रा में शामिल किए गए। विभिन्न गांव से होती



हुई कन्याएं गंगा नदी के पत्थर घाट पर पहुंची। जहां लोगों ने कलश में गंगाजल भरा और पुनः उसी रास्ते पैदल चलती हुई यज्ञ स्थल पर पहुंची। इस दौरान कन्याओं के स्वागत में जगह-जगह ग्रामीणों ने जल और पुष्प की वर्षा की। मुख्य यजमान के रूप में सुधांशु राय, विभा देवी सुनील कुमार, बेबी देवी, रणधीर कुमार, रश्मि देवी, जवाहर राय, चंपा देवी, किशोरी राय, विधान राय, ओमप्रकाश बलिराम राय, सुदीप यादव आदि शामिल हुए। मौके पर सुजीत कुमार भगत ने कहा कि राम नाम धुन की शुरुआत की गई है, उन्होंने कहा कि इससे पहले इलाके की 1100 कन्याओं ने नगर भ्रमण किया। यज्ञ के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए मुख्य जजमानों की ओर से यज्ञ स्थल पर पौधरोपण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस इलाके में यह संस्कृति रही है कि कोई भी शुभ काम शुरू होने पर यहां के लोग पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधरोपण करते हैं।

## संक्षिप्त खबर

### बिहार में महागठबंधन में दरार, सियासी हलचल तेज

बिहार में महागठबंधन के सहयोगी दलों के बीच तनातनी बढ़ती जा रही है। जेडीयू और राजद के बीच सीट बंटवारे और नीतियों को लेकर मतभेद उभर रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की हालिया बयानबाजी से गठबंधन की मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं। कांग्रेस भी अपनी रणनीति को लेकर चिंतन कर रही है। राजनीतिक गलियारों में अटकलें हैं कि आगामी चुनावों से पहले बिहार की राजनीति में बड़ा उलटफेर हो सकता है। बीजेपी भी इन हालातों पर पैनी नजर बनाए हुए है।

### पटना में यातायात व्यवस्था होगी हाईटेक, ट्रैफिक कंट्रोल रूम तैयार

राजधानी पटना की ट्रैफिक समस्या को हल करने के लिए प्रशासन ने नई योजना बनाई है। जल्द ही शहर में अत्याधुनिक ट्रैफिक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। इसके जरिए पूरे शहर की ट्रैफिक गतिविधियों की निगरानी की जाएगी। कैमरों और सेंसर की मदद से ट्रैफिक जाम को नियंत्रित करने की योजना है। साथ ही, नियम तोड़ने वालों पर तुरंत कार्रवाई होगी। प्रशासन का दावा है कि इससे दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

### बिहार में गर्मी का कहर, तापमान 40 डिग्री के पार

बिहार में इस साल गर्मी ने अभी से अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। कई जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में और अधिक गर्मी पड़ने की चेतावनी दी है। लू से बचने के लिए लोगों को सावधान रहने की सलाह दी गई है। सरकारी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। प्रशासन ने लोगों से दोपहर में अनावश्यक बाहर न निकलने की अपील की है।

### बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा का परिणाम जल्द, टॉपर को मिलेगा इनाम

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (BSEB) जल्द ही मैट्रिक परीक्षा के नतीजे घोषित करने वाली है। टॉप करने वाले विद्यार्थियों को सरकार की ओर से विशेष इनाम दिया जाएगा। इस साल परीक्षा में 16 लाख से ज्यादा छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। बोर्ड का कहना है कि मूल्यांकन का काम लगभग पूरा हो चुका है। परीक्षा के नतीजे आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। शिक्षा विभाग ने कहा है कि परिणाम के बाद छात्रों के करियर मार्गदर्शन के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

### बिहार में अवैध बालू खनन पर सख्ती, 50 ट्रक जब्त

राज्य सरकार ने अवैध बालू खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। पिछले 24 घंटों में प्रशासन ने 50 से अधिक ट्रकों को जब्त किया है। पटना, भोजपुर, औरंगाबाद और रोहतास जिलों में छापेमारी की गई। अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अवैध खनन को रोकने के लिए निगरानी तेज की जाए। इससे सरकार को राजस्व की हानि भी हो रही है।

### बिहार के 20 जिलों में बिजली संकट, जनता परेशान



बिहार में बिजली संकट गहराता जा रहा है, जिससे आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के 20 जिलों में रोजाना कई घंटों की कटौती हो रही है। बिजली विभाग ने तकनीकी खराबी और कोयले की कमी को इसकी वजह बताया है। ग्रामीण इलाकों में स्थिति और भी खराब है, जहां 6-8 घंटे तक बिजली नहीं रहती। सरकार का कहना है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा। इस बीच, लोगों को इन्वर्टर और जनरेटर पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

### बिहार में किसानों के लिए नई योजना, फसल बीमा में राहत

राज्य सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए फसल बीमा योजना में बदलाव किए हैं। अब किसानों को कम प्रीमियम पर अधिक बीमा कवर मिलेगा। पिछले साल बाढ़ और सूखे के कारण हजारों किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। सरकार का दावा है कि नई योजना से किसानों को बड़ी मदद मिलेगी। आवेदन प्रक्रिया को भी ऑनलाइन किया जा रहा है, ताकि किसानों को आसानी हो। मुख्यमंत्री ने कहा है कि कृषि को और मजबूत बनाने के लिए नई योजनाएं लाई जाएंगी।

### मुजफ्फरपुर में गंगा नदी पर नया पुल, 2026 तक पूरा होगा निर्माण

मुजफ्फरपुर में गंगा नदी पर नए पुल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस पुल से उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के बीच कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। सरकार ने दावा किया है कि यह पुल 2026 तक बनकर तैयार हो जाएगा। पुल के निर्माण से लाखों लोगों को राहत मिलेगी और सफर में लगने वाला समय भी कम होगा। इस प्रोजेक्ट पर करीब 1500 करोड़ रुपये की लागत आएगी। स्थानीय लोग इस परियोजना को ऐतिहासिक मान रहे हैं।

# आपके दान से मिलेगा रुद्र को अभयदान

**बिहार पत्रिका। गया**



गया जिला मे एक बच्चे को मस्कुरर डिस्ट्रॉफी मरिज गया के बच्चों के अस्पताल में आया है जिसका इलाज बच्चों के स्पेशलिस्ट डॉ बी डी शर्मा कर रहे हैं। ज़िन्दगी बचाने के लिए वह हमेशा तैयार रहते हैं। जो गया जिला के टेकारी विधानसभा के कोंच प्रखंड के ग्राम दिधी पो दिधी टेकारी अनुमंडल गया जिला एवं औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र का निवासी है इनके पिता का नाम राहुल कुमार पाण्डेय है। इसी बच्चे को अपने तरफ से पुरी इलाज करा रहे हैं और सरकार और जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि इस बच्चे का इलाज सरकार द्वारा किया जाना चाहिए जिससे इस गरिब का बच्चा ठिक हो जाए और अच्छे से जीवन व्यतीत कर सके।इस बिमारी के बारे में जानकारी देते हुए डॉ बी डी शर्मा ने बताया कि मांसपेशीय दुर्विकास आनुवंशिक विकारों का एक समूह है जो कंकाल की मांसपेशियों को कमजोर और क्षीण करता है, जिससे समय के साथ चलने-फिरने और हिलने-डुलने में कठिनाई होती है। मांसपेशीय दुर्विकास क्या है? मस्कुलर डिस्ट्रॉफी आनुवंशिक रोगों का एक समूह है जो कंकाल की मांसपेशियों को कमजोर और क्षीण करता है। इस बिमारी के भी कयी प्रकार के होते हैं। जिनमें से प्रत्येक की शुरुआत की उम्र, गंभीरता और प्रभावित मांसपेशियों के पैटर्न अलग-अलग होते हैं।लक्षणों में मांसपेशियों में कमजोरी, चलने में कठिनाई, और समय के साथ मांसपेशियों का क्षय शामिल हैं. मस्कुलर डिस्ट्रॉफी संक्रामक नहीं है और यह किसी चोट या गतिविधि के कारण नहीं होता है।ड्यूचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी जो यह सबसे आम प्रकार है, जो मुख्य रूप से लड़कों को प्रभावित करता है और इसमें मांसपेशियों की कमजोरी तेजी से बढ़ती है। बेकर मस्कुलर डिस्ट्रॉफी यह पहले की तुलना में कम गंभीर होता है और इसमें मांसपेशियों की कमजोरी धीरे-धीरे बढ़ती है।इसका उपचार भारत में नही हुआ है।मांसपेशियों की कमजोरी से मस्कुलर डिस्ट्रॉफी में, मांसपेशियों की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं और मर जाती हैं, जिससे मांसपेशियों की कमजोरी होती है। कुछ प्रकार के मस्कुलर डिस्ट्रॉफी हृदय और फेफड़ों को भी प्रभावित कर सकते हैं।

एवं इसमें सहायक उपचार मतलब व्यावसायिक चिकित्सा और शारीरिक चिकित्सा जैसे सहायक उपचार मांसपेशियों की ताकत बनाए रखने और दैनिक गतिविधियों को करने में मदद कर सकते हैं,आगे बताया कि **यह अनुवांशिकता:** मस्कुलर डिस्ट्रॉफी आनुवंशिक से होती है, जिसका अर्थ है कि यह माता-पिता से बच्चों को विरासत में मिलती है।

# नये अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी मजबूत होगी और विधानसभा चुनाव में पार्टी का बेहतरीन प्रदर्शन होगा: डॉ गगन मिश्र

**बिहार पत्रिका।गया**



कुटुंबा विधायक राजेश कुमार को बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी का अध्यक्ष बनने पर जिला कांग्रेस कमिटी गया उनको हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती है। उनके नेतृत्व में पार्टी मजबूत होगी और विधानसभा चुनाव में पार्टी का बेहतरीन प्रदर्शन होगा।वो एक कार्यकर्ता के रूप में पार्टी में काम करते रहे,दो बार विधायक रहे हैं और पार्टी के लिए संघर्ष करते रहे हैं।उनके संघर्ष का इनाम पार्टी ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाकर दिया है। उन्हें बधाई देने वालों में जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्र,पूर्व अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव,प्रवक्ता डॉ विजय कुमार मिट्ठू,कोषाध्यक्ष बैजू गुप्ता,उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह,बाबूलाल प्रसाद सिंह,रामाश्रय सिंह,प्रदीप शर्मा, विद्या शर्मा,पंकज पासवान,गिरेंद्र कुमार,रंजीत सिंह,शशि किशोर शिशु,महासचिव डॉ देविका सरयार मिश्र,बिपिन कुमार,विशाल कुमार, मो अजहरुद्दीन,मो नवाब अली, मो ताजुद्दीन,साहिल गुप्ता,कमलेश चंद्रवंशी,मनोज कुमार एवं अन्य कई कार्यकर्ता ओर पदाधिकारीगण शामिल थे।

# मध्य विद्यालय सौढ़ भरतखण्ड में वार्षिक परीक्षा 2025 शांतिपूर्वक संपन्न

**बिहार पत्रिका।खगड़िया**



जिले के परबत्ता प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय सौढ़ भरतखण्ड में गुरुवार को तृतीय कक्षा से आठवीं कक्षा तक की वार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रधानाचार्य संजय कुमार पासवान ने बताया कि परीक्षा के दौरान विद्यालय प्रशासन ने सख्त अनुशासन लागू किया था, ताकि परीक्षा पूरी तरह नकल मुक्त और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। स्वच्छता और सुव्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने जानकारी दी कि गुरुवार को दोनों पालियों में अंग्रेजी विषय की परीक्षा ली गई। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए विभागीय पदाधिकारियों और प्रखंड साधनसेवी द्वारा विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा, परीक्षा को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए बीआरसी स्तर पर निगरानी टीम का गठन किया गया था, जो पूरे परीक्षा प्रक्रिया पर नजर रख रही थी। परीक्षा संचालन में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परीक्षा को सफल बनाने में प्रधानाचार्य संजय कुमार पासवान, शिक्षक सिद्धार्थ कुमार, नवीन कुमार, विजय कुमार, राजेश कुमार मंडल, राम अशीष यादव, कुमारी कनकलता, सुनीता कुमारी और हीना फातमा का विशेष योगदान रहा। विद्यालय प्रशासन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को धन्यवाद दिया और भविष्य में भी इसी तरह अनुशासित परीक्षा संचालन की प्रतिबद्धता जताई।

# बच्चों की मामूली लड़ाई में गार्जियन कूदे, स्कूल में मचा हंगामा

**बिहार पत्रिका।खगड़िया**



जिले के गोगरी जमालपुर स्थित बुल्लीचंद विद्यालय में मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे अफरातफरी का माहौल बन गया। दरअसल, 19 मार्च 2025 को दो बच्चों के बीच हुई मामूली कहासुनी ने बड़ा विवाद का रूप ले लिया। एक बच्चा गुलाम घोष टोला का निवासी था, जबकि दूसरा विद्यालय के समीप कुर्मी टोला का रहने वाला था। दोनों पक्षों के बच्चों ने अपने-अपने अभिभावकों को स्कूल बुला लिया, जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया। बातचीत के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि गार्जियन आपस में भिड़ गए और मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य एनामुल हक फरीदी ने बताया कि 4, 5 और 6वीं कक्षा के बच्चों की परीक्षा पहली पाली में समाप्त हो चुकी थी, जबकि दूसरी पाली में 7वीं और 8वीं कक्षा के बच्चों की परीक्षा चल रही थी। अचानक हुए इस हंगामे से परीक्षा में भी बाधा उत्पन्न हुई। हालात बेकाबू होता देख स्कूल प्रशासन ने तुरंत गोगरी पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और माहौल को शांत कराया। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही सभी गार्जियन और झगड़ने वाले बच्चे वहां से फरार हो गए। इस घटना में दो से तीन बच्चे घायल हो गए, जिन्हें गोगरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे स्कूल में अनुशासन बनाए रखें ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो।

# सब्जी की खेती भी कैसे पथरीली जमीन पर करे इन पहलुओं से अवगत हुए किसान



**बिहार पत्रिका।बांका**

गुरुवार को आत्मा बांका द्वारा राज्य के बाहर किसान परिभ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत तीस किसानो के दल को झारखंड के देवघर ज़िला स्तिथ, रानीडीह पंचायत मे प्रगतिशील किसान गौतम कुमार सिंह के फार्म एवं समेकित बिरसा ग्राम विकाश योजना सह कृषक पाठशाला मे परिभ्रमण हेतु लाया गया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम मे सभी कृषकों को कृषि से सम्बन्धित सभी तरह के पहलुओं से अवगत करवाते हुए किस तरह से हम उन्नत खेती कर सकते है एवं कृषि एवं कृषि सम्बद्ध क्षेत्रो को समेकीत कर आय् मे वृद्धि करते हुए एक अच्छी खेती कर सकते है इसको देखने का मौका सभी को मिला। गौतम कुमार खेती के साथ साथ कुक्कूट पालन कर रहे है एवं अच्छा मुनाफा कमा रहे है। इन्होने अपने जमीन पर बागवानी भी किया हुआ है। पिछले फलन वर्ष मे इन्होने अमरुद फल को बेच कर अच्छा मुनाफा कमाया। सब्जी की खेती भी कैसे हमलोग पथरीली जमीन पर करे इसके बारे मे भी किसान बंधु ने देखा और समझा। बांका जैसे क्षेत्रो के लिए जहा पानी की कमी है इस तरह की खेती का अनुशरण कर किसान बंधु अच्छी फसल ले सकते है। फार्म पर मिर्च की खेती, टमाटर की खेती, तरबूज की खेती वृहत पैमाने पर किया जा रहा है उसको देखा।

# बार एसोसिएशन ने सात न्यायिक पदाधिकारियों को दी विदाई



**स्थानांतरित न्यायिक पदाधिकारियों को शॉल व बुके देकर किया गया सम्मानित**

**बिहार पत्रिका,बाँका।** जिला बार एसोसिएशन व एडवोकेट एसोसिएशन में गुरुवार को बाँका न्यायमंडल के सात स्थानांतरित न्यायिक पदाधिकारियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बार एसोसिएशन में अध्यक्ष संजय सिंह व एडवोकेट एसोसिएशन में महासचिव म्हेश्वरी यादव की अध्यक्षता में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह ने स्थानांतरित एडीजे संजय कुमार मिश्रा, प्रभाकर झा को शॉल व बुके देकर सम्मानित किया । जबकि एसोसिएशन के महासचिव धर्मेंद्र कुमार सिंह ने एडीजे शमीम रजा, अवर न्यायाधीश कुमारी विजयाशान्ति, एसडीजेएम प्रियंका कुमारी, किशोर न्यायालय के प्रधान मजिस्ट्रेट अश्विनी कुमार को पंकज कुमार यादव, मीना झा, अरविंद कुमार सिंह, आनंददेव चौधरी, अम्बर मुखर्जी ने बुके शॉल व माला देकर सम्मानित किया। एडवोकेट एसोसिएशन में भी महासचिव महेश्वरी यादव, रामकिशोर यादव, कैलाश दुबे सहित कई अधिवक्ताओं ने सभी स्थानांतरित न्यायिक पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर न्यायिक पदाधिकारियों ने कहा कि बाँका बार के अधिवक्ताओं द्वारा न्यायिक पदाधिकारियों को न्यायिक कार्य के सम्पादन में जो सहयोग मिला वह अविस्मरणीय है बिहार के किसी अन्य बार एसोसिएशन में ऐसा सहयोग नहीं मिलता है। सचमुच बाँका के अधिवक्ता इसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं। स्थानांतरित एडीजे प्रभाकर झा ने मिथिला में अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इहाँ के अधिवक्ता सचमुच म नीक छी। इस मौके पर प्रभारी जिला व सत्र न्यायाधीश ए के भान, एडीजे माधवेंद्र, मुकेश कुमार, विनीत कुमार सिंह, मुकेश कुमार, डीएलए के सचिव राजेश कुमार सिंह सहित सभी न्यायिक पदाधिकारी व अधिवक्ता उपस्थित थे।

# विश्व गौरैया दिवस: दिलीप पासवान की अनूठी पहल

**बिहार पत्रिका**



इस भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य के पास न तो खुद की देखभाल के लिए समय है और न ही पशु-पक्षियों के संरक्षण के लिए। आधुनिक जीवनशैली और शहरीकरण के कारण कई जीव-जंतु विलुप्ति की कगार पर पहुंच गए हैं। लेकिन ऐसे भी कुछ लोग हैं, जो न सिर्फ अपने परिवार की जिम्मेदारियां निभाते हैं, बल्कि उन प्राणियों का भी संरक्षण करते हैं, जिन्हें मनुष्य के सहारे की जरूरत होती है। ब्लॉक कॉलोनी के दिलीप पासवान उन्हीं में से एक हैं, जो पशु-पक्षियों से गहरा प्रेम रखते हैं। उनका घर गौरैयाओं का आशियाना बन चुका है। उनकी छत पर रोज सैकड़ों गौरैया फुदकती नजर आती हैं। दिलीप पासवान न केवल इन्हें दाना-पानी देते हैं, बल्कि उनकी सुरक्षा और देखभाल भी ऐसे करते हैं जैसे एक पिता अपने पुत्र की करता है। जब कभी इन पक्षियों को खतरा महसूस होता है, तो वे उनके आंचल तले आकर खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं।

**बीमार और घायल जानवरों के लिए संजीवनी:**दिलीप पासवान का पशु-पक्षियों के प्रति यह प्रेम सिर्फ गौरैयाओं तक सीमित नहीं है। सड़क पर घायल या बीमार जानवरों को वे अपने घर लाते हैं और उनकी देखभाल करते हैं। उनके इस नेक कार्य में पवन कुमार पासवान भी सहयोग कर रहे हैं। पवन बताते हैं कि आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में घायल जानवरों को वे बचाते हैं, उनका इलाज करवाते हैं और भोजन का प्रबंध भी करते हैं।

**हमारा भी फर्ज बनता है:** गौरैया और अन्य पशु-पक्षियों का संरक्षण केवल दिलीप पासवान जैसे कुछ लोगों की जिम्मेदारी नहीं होनी चाहिए। यह हम सबका दायित्व है कि हम इन बेजुबान प्राणियों को बचाने का संकल्प लें। पशु-पक्षी, जीव-जंतु और पेड़-पौधे हमारी धरोहर हैं, और इन्हें संरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। इस विश्व गौरैया दिवस पर हम भी प्रण लें कि अपने आस-पास के पक्षियों और जानवरों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

# किसान हत्या मामले में छः नामजद पुलिस की हाथ खाली

**बिहार पत्रिका, कुरसेला (कटिहार)।** किसान हत्या मामले में छह लोगो पर प्राथमिकी दर्ज 48 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस की हाथ खाली। मिली जानकारी के अनुसार कुरसेला गंगा पार गोबराही दियारा में किसान की हत्या के मामले मे पुलिस छानबीन मे जुड़ी हैं। पुलिस के लिए यह हत्याकांड एक चुनौती बन चुकी है। पुलिस हत्यारों को पकड़कर मामले को शीघ्र सुलझाने की हरसंभव कोशिश में जुटी है। लेकिन पुलिस को अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगी पाई है। जिससे पुलिस हत्यारों तक पहुंच सके। वही इस हत्या के मामले में थाना अध्यक्ष से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मृत किसान की पत्नी तिला देवी के लिखित आवेदन पर कारे यादव सहित छःह लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस गुरुवार को अपराधियों को पकड़ने के लिए सघन छापेमारी एवं कई जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले, पर पुलिस के हाथ अभी तक कुछ नहीं लगी। मृत किसान के घर पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से कटिहार जिला से आरक्षी बल मुहैया कराया गया है। ज्ञात हो कि दियारा में किसान की हत्या से दहशत का माहौल है। जिसको लेकर किसान को गोली मारकर शव को छुपा दिया गया था। मगर काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने शव को बिन टोली महंत स्थान के पास मक्के की खेत से बरामद कर लिया और पोस्टमार्टम कर परिजन को सौंप दिया । जिसका आज खेरिया घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। वही अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होना यह भी एक सवाल बनकर रह गया है ।जबकि परिजन अपराधियो की गिरफ्तारी की लगातार मांग कर रहे हैं ।




# सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री ने लिया अग्निपीड़ितों के बीच सहायता का राशि का चेक वितरण



**बिहार पत्रिका।समस्तीपुर**

कल्याणपुर विधायक सह मंत्री सूचना एवं जनसंपर्क विभाग श्री महेश्वर हजारी द्वारा कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भागीरथ पंचायत के मूसेपुर ग्राम एवं सिमरिया भिंडी ग्राम अंतर्गत अग्निकांड से पीड़ित विभिन्न व्यक्तियों को मुआवजा राशि सहायता राशि ₹20000 प्रति व्यक्ति की दर से तथा अनुग्रह अनुदान योजना अंतर्गत कुल चार लाभूको जिनमें जितेंद्र दास पिता कृष्णा देवदास ग्राम सिमरिया भिंडी , दिनेश पासवान पिता स्वर्गीय रामचंद्र पासवान ग्राम मूसेपुर, संजीदा खातून पति मोहम्मद मुस्तफा ग्राम भागीरथपुर तथा गीता देवी पति भाग्य नारायण साहनी ग्राम गंगोरा को चार लाख की दर से मृत्यु अनुदान राशि का चेक प्रदान किया गया। अग्निकांड से पीड़ित परिवारों के मुखिया जिनमे राजेश दास, सीमा देवी, कृष्णा देवी ,सुमित्रा देवी , शत्रुघ्न राय, लक्ष्मण राय ,रामचंद्र राय भारत राय ,अर्जुन राय ,मुकेश कुमार ,राजेश राय ,गंगा राय बबलू राय ,मोहन राय इत्यादि शामिल है इनको ₹20000 की दर से सहायता राशि प्रदान की गई। मौके अनुमंडल पदाधिकारी समस्तीपुर श्री दिलीप कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी कल्याणपुर , अंचल अधिकारी कल्याणपुर सहित विभिन्न पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# बिहार दिवस 2025 के जिला स्तरीय प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**बिहार पत्रिका।बांका**



गुरुवार को आर०एम०के० उच्च विद्यालय, बांका में शिक्षा विभाग के अंतर्गत बिहार दिवस 2025 के जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुंदन कमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, बांका एवं राज कुमार ₹राजू₹ जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा, बांका द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय एवं प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता के उपरांत जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी हेतु आये सभी प्रतिभागी छात्र को संबोधित करते हुए उन्हें निर्धारित प्रतियोगिता (गणित ओलम्पियाड, चित्रकला एवं क्विज) में बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु अभिप्रेरित किया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा द्वारा कार्यक्रम के आयोजन के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए बच्चों बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर स्वागत गान, बिहार गीत एवं बिहार प्रार्थना का गान एस.एस. बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम हेतु निर्धारित तीनों प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बिहार शिक्षा परियोजना, बांका से सैयद जावेद हुसैन, सुनीता कुमारी के साथ निर्णायक मंडली के सदस्य, दीपक कुमार, कुंदन बिहारी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रबंधन एवं क्रियान्वयन गुणवत्ता शिक्षा प्रभारी मनोहर सिंह द्वारा किया गया।

# 113वां बिहार स्थापना दिवस 22 मार्च को,कई कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा

**बिहार पत्रिका।गया**

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बिहार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। ज़िला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने बताया कि बिहार दिवस 2025 के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 113वां बिहार स्थापना दिवस 22 मार्च के अवसर पर प्रातः 07 बजे स्कूली बच्चो द्वारा रन फ़ॉर बिहार का आयोजन किया जाएगा, जो टावर चौक से समाहरणालय होते हुए गांधी मैदान स्टेडियम पर समाप्त होगी। डीएम ने सिविल सर्जन गया को निर्देश दिया है कि विशेष ग्रामीण स्वच्छता शिविर का आयोजन करे। सभी प्रखंड के 2 या 3 पंचायतों के महादलित टोलों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करवाएंगे साथ ही सभी पंचायतों के महादलित टोलो में आशा कार्यकर्ता एवं आगनवाड़ी सेविकाओं के माध्यम से हैंड वाश का प्रदर्शन करवाना सुनिश्चित करवाये।शिक्षा विभाग के द्वारा प्रखंड स्तर पर क्विज, निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं जिसका विषय मद्द निषेद, बाल विवाह निषेध एवं दहेज निषेध का आयोजन किया जाएगा। इसमें विजेता छात्र-छात्राओं के बीच जिला स्तर पर प्रतियोगिता कराया जाएगा और इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर चयनित छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र ज़िला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा वितरण किया जाएगा।इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा रक्तदान कार्यक्रम, श्रवण श्रुति कार्यक्रम का आयोजन जय प्रकाश नारायण अस्पताल में किया जाएगा।

इसके साथ-साथ सभी सरकारी भवनों को टिमटिमाती रंग बिरंगी लाइट के माध्यम से सजाया जाएगा।

